टाइम्स ऑफ़ पीडिया

ٹائمس آف پیڈیا

TIMES OF PEDIA

NEW DELHI Page 12 Price ₹ 3.00

अनोखे अंदाज़ और निराले तेवर के साथ इंसाफ़ की डगर पर

www.timesofpedia.com

WEEKLY HINDI ENGLISH URDU

WED 02 MAR - TUE 08 MAR 2016 | VOL. 4 Issue 18 | RNI No. DELMUL/2012/47011 | P.Reg. No. DL(S) - 01/3431/2013 - 15

संपादकीय

देश मुरीद कन्हैया का? या मुराद मांग रहा उसके जीवन की?

झूठ कहूँ तो लफ्जों का दम घुटता है।
सच बोलूं तो लोग खफा होजाते हैं।।

दांत में दर्द, डॉक्टर,पैर टूट गया, डॉक्टर इंसान के जिस्म के किसी भी हिस्से में कोई तकलीफ है डॉक्टर इलाज करेगा और लोग ठीक भी होजाते हैं लेकिन जब वीडिओज और बयानात के साथ डाक्टरी होने लगे तो नतीजा कन्हैया की शक्ल में निकल आता है और एक सीधा सादा विद्यार्थी टेररिस्ट और देश द्रोह बन जाता है इतना ही नहीं देशभक्ति के ठेकेदार उसको कोर्ट परिसर में घेर कर मारना चाहते हैं, 6 माह की जमानत पर आये कन्हैया जेएनयू परिसर में जब प्रवेश करते हैं तो उनके समर्थकों का समुन्द्र उमड़ जाता है और इस भवव्ये स्वागत से आत्म विभोर (गदगद) कन्हैया वो तमाम सत्यता सामने लाने का प्रयत्न करते हैं जिसकी हिम्मत बड़ी बड़ी हस्तियां आजतक नहीं कर पाईं थीं उनके खुलासों से बिलबिलाये संघियों ने भी उसकी स्पीच के खिलाफ पोस्टर्स निकाल डाले जिसमें उसकी जबान काटने वाले को 5 और सर काटने वाले को ११ लाख के इनाम की घोषणा करदी गयी।

बीजेपी सांसद योगी आदित्य नाथ उ.प्र. प्रभारी बनने की दौड़ और हविस में जेएनयू केम्पड़स में जिन्नाह का नाम लेने वालों को दफन करदेने की बात से नहीं चूके जबकि श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी जिन्नाह की तारीफ तक कर चुके हैं उनको योगी कहाँ रखेंगे यह उन्होंने नहीं बताया।जब देश को बाहरी आतंक या हमलों का खतरा है ऐसे में देश की सत्ता धारी पार्टी के मंत्री देश में धार्मिक और जातिवाद की बड़ी लकीर खीचकर शायद देश के दुश्मनो के प्लान को आगे बढ़ाने का काम कररहे हैं। ऐसे में देश के मानव संसाधन मंत्री कठेरिया के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर अर्जी को क्या कन्हैया पर हमला करने वाले चौलेंज करेंगे जबकि मंत्री के खिलाफ पेटिशन करने वालों में पहले ही चार जजों और पुलिस के आला रिटायर्ड अफसर शामिल हैं। याद रहे 04 मार्च को आगरा में मानव संसाधन मंत्री राम शंकर कठेरिया ने मुस्लिम मुखालिफ तकरीर में काफी अपशब्द कहे थे जिसपर देश के सेक्युलर रनकहमे और आला पुलिस अफसरों ने संज्ञान लेते हुए आरोपी मंत्री के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पेटिशन डाली है।

यह सही वक्त है कि साम्राज्येवादी ब्रिटिश शासन के दौरान रॉलेट एक्ट का आना देश के क्रन्तिकारी सोच का दायरा बढ़ा रही थी यानी अपील, वकील और दलील पर पाबंदी लगाया जाना सबसे सनसनीखेज बन गया था। पूरे स्वतंत्रता आंदोलन के सफल होने का यह बड़ा कारण बना था। आजादी के बाद तो हमने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को धर्म मानकर उसे सबसे ऊपर बनाए रखा। आज उसी एक्ट को दोहराया जारहा है जो क्रांति की नई शमा को रोशन कररहा है और वो है सामंतवाद, मनुवाद, पूंजीवाद, भुखमरी, साम्प्रदायिकता और जातिवाद से आजादी की क्रांति .इतिहास हमें याद दिलाता है की नैतिकता मुकम्मल तौर से समाज से नष्ट नहीं होती जब भी समाज में इंसानियत और ईमान ओ अमन पर आंच आती है तभी कुछ मतवाले नैतिकता की शमा को रोशन करते हैं और दुनिआ को घोर अँधेरे की रात से पहले प्रकाशमय करदेते हैं। ऐसे में कन्हैया को आज नैतिक एम्बेसडर मन जा रहा है और दुनिया उसके मुरीदों की तादाद बढ़ने के साथ इस बात की भी मुराद मांगी जा रही है की इस लाल की जान की हिफाजत हो, वरना कुछ राम के हत्यारे रावण की पूजा पर उतर आये हैं उनको सद्बुद्धि देना प्रभु।

Editor's Desk

संसद में दिखा सोहार्द का माहोल, विपक्ष ने सुषमा की तारीफ़ की

नई दिल्लीः जब देश में केंद्र सरकार और बीजेपी के खिलाफ असहिष्णुता और साम्प्रदायिकता भड़काने तथा वोट धुर्वीकरण की चर्चा है, ऐसे में लोकसभा में विपक्ष के नेताओं द्वारा सत्ता पक्ष की नेता सुषमा स्वराज की प्रशंसा किये जाना एक नेक फाल के साथ अच्छे कामों की सराहना का माहोल बनने की तरफ भी इशारा है पंजाब आम आदमी पार्टी के सांसद भगवंत मान ने प्रश्नकाल के दौरान कहा, मैं सुषमा स्वराज जी का धन्यवाद करना चाहता हूं। वह विदेश में देशवासियों के लिए असाधारण रूप से अच्छा काम कर रही हैं। बीजू जनता दल (बीजद) नेता बीजे पांडा ने सुषमा स्वराज की प्रशंसा करते हुए कहा, एक मंत्री के रूप में उनका काम बेहतरीन रहा है।

प्रशंसा की इसी कड़ी में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सदस्य राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भी पीछे न रहे और उन्होंने अंग्रेजी में पूछे गए सवाल का जवाब हिंदी में देने के लिए सुषमा स्वराज की तारीफ की।

जब खुलकर सुषमा के कामों की तारीफ हुई तो मेडम भी भाव विभोर हो उठीं और उन सभी विपक्षी नेताओं का खड़े होकर शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उनके कामों की प्रशंसा करते हुए कहा की हमको कोई प्रशन नहीं पूछना बस मेडम को शुक्रिया कहना है, इन विपक्षी नेताओं में आम आदमी पार्टी के ही धर्मवीर गांधी, बीजू जनता दाल के बी जे पांडा भी शामिल हैं। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने अपने कार्यकाल में पहली बार ऐसा सोहाद्र देखकर आश्चर्य जताया और एक सांसद से कहा की कोई सवाल नहीं सिर्फ धन्यवाद!, वाह क्या बात है।

TOP BUREAU

RSS wing ABVP burns Manusmriti copies in JNU

On the International Women's Day, JNU students including former and current members of the ABVP, burnt copies of the Manusmriti to protest against "derogatory verses" towards women in the Hindu religious text.The students chose to send out the message that anything derogatory against women will not be tolerated. Vice-president of the ABVP unit in JNU, Jatin Goraiya said "Today is women's day and in order to oppose the derogatory remarks made against women in Manusmriti, we have burnt certain portions of the text" . The students burnt the pages of the text that contained 40 "derogatory" references against women.It is said in the manusmirti that Women, true to their class character, are capable of leading astray men in this world, not only a fool but even a learned and wise man. Both become slaves of desire". Pradeep Narwal, who recently left the ABVP citing "ideological differences," was one of the main organisers of the event. He read out the 40 points before burning the pages of the text."I have problems with these 40 points that are derogatory towards women and Dalits. If anyone thinks I am not right, they can tell me," he said.The students raised slogans such as Manuwad ho barbad, Brahmanwad ho barbad and Jatiwad ho barbad.

-Agency

Editor/Owner/Printer/Publisher: Ali Aadil Khan, K-2-A-001, Abul Fazal Enclave-I, Jamia Nagar, Okhla, ND - 25. **Printed at :** Shobi Offset Press, 2818, Gali Gadhiaiya, Kuchachalan, Daryaganj, ND. - 2

समाचार पत्रों के आईने से

देश की एकता व अखंडता के लिए मुसलमान, दलित और इंसाफपसन्द देशवासी एकजुट हो जाएंः मौलाना अरशद मदनी

नई दिल्लीः जमीअत उलमा–ए–हिंद ने बुधवार को नई दिल्ली के वल्लभ भाई पटेल हाउस के स्पीकर्स हॉल में एक भव्य पत्रकार सम्मलेन का आयोजन किया इस सम्मलेन को जमीअत उलमा–ए–हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सम्बोधित करते हुए तथा पत्रकारों के सवालों के जवाब में काफी कुछ कहा जिसके मुखय अंश ये हैं।

देश की वर्तमान स्थिति विभाजन के समय से भी अधिक खराब हैं। सरकार या सत्ताधारी पार्टी के विरोध को देशद्रोह करार दिया जा रहा है, पूरे देश में कानून की जगह ''आस्था'' की स्थापना और धर्मनिरपेक्ष भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने की कोशिशें जारी हैं। मुसलमानों, ईसाइयों, दलितों और कमजोर वर्गों पर अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसा जारी है। कहीं आतंकवाद की आड़ में निर्दोष मुस्लिम युवकों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है तो कहीं 'मनुवादियों' का मुकाबला करने वाले दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों को न केवल देश विरोधी करार दिया जा रहा है बल्कि उन्हें आत्महत्या तक करने पर मजबूर किया जा रहा है। हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत की खाई बढ़ती जा रही है और दोनों एक दूसरे से भयभीत नजर आ रहे हैं। मुसलमानों को वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिश की जा रही है और मुसलमानों और ईसाइयों की घर वापसी की बात हो रही है। अफसोस की बात तो यह है कि ''सर्व धर्म सुखाए'' की बात करने वाले भी अब हिंदू चरमपंथी संगठन आरएसएस से साठगांठ कर भाईचारा के पेड़ की जड़ में मट्ठा डाल रहे हैं। सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान हटा रही है और इस कोशिश में है कि कैसे मुसलमानों, अन्य अल्पसंख्यकों और दलितों को अलग कर दिया जाए।

हम न तो किसी विशेष पार्टी के समर्थक हैं और न ही विरोधी। हम केवल उस मानसिकता के विरोधी हैं जो देश की एकता और अखंडता को नष्ट करने में लगी है और हम देश की एकता और अखंडता में विश्वास रखते हैं। देश में एक और विभाजन की स्थिति पैदा करने की कोशिश की जा रही है। वर्तमान सरकार अच्छे दिन लाने के वादे को भुलाकर संघी अजेंडे को आगे बढ़ाने में व्यस्त है और सिमटकर नागपुर व झंडेवालान पर आ गई है। सत्ताधारी दल के कुछ लोग देश की पहचान को मिटाने में मसरूफ हैं और हिंदू और मुसलमानों के बीच की खाई को और गहरा किया जा रहा है। मुसलमान कभी भी गौ–हत्या का समर्थक नहीं रहा बल्कि हम तो कहते आए हैं कि आप गाय को 'राष्ट्रीय पशु' घोषित कर दीजिए, आखिर इस से आपको परहेज क्यों है?वास्तविकता तो यह है कि देश में मोदी सरकार के आने के बाद 'बीफ' के व्यापार को बढ़ावा मिला है।

देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय यानी मुसलमानों को आतंकवाद के फर्जी मामलों में फंसाने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। आतंकवाद की आड़ लेकर इस्लाम और मुसलमानों को बदनाम करने का प्रयास जारी है और उलमा के साथ साथ उच्च शिक्षित निर्दोष मुस्लिम युवकों को फर्जी मामलों में फंसाया जा रहा है, ताकि उन्हें हतोत्साहित करके मुसलमानों में निराशा का वातावरण बनाया जा सके। वर्तमान सरकार सभी प्रमुख शैक्षिक संस्थानों का भगवाकरण करने में व्यस्त है और हाल ही में जे.एन.यू. में जो कुछ हुआ यह उसका उदाहरण है। वर्तमान सरकार देशभक्ति की नई परिभाषा करके उसे अपने अनुसार बनाने की

कोशिश कर रही है। स्वतंत्रता के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है कि सरकार के विरोधियों को राष्ट्र–विरोधी करार दिया जा रहा है।

ऐसा नहीं है कि हालात केवल मुसलमानों के लिए ही खराब हैं बल्कि दलितों की स्थिति भी जानवरों से बदतर है। सरकार में शामिल मंत्री ही दलितों की तुलना जानवरों से कर रहे हैं। कल तक जो लोग खुद को दलितों का मसीहा कहते थे और उनके वोटों से विजयी हुए थे आज आर.एस.एस. के वफादार बनकर न केवल सत्ता का आनंद ले रहे हैं बल्कि दलितों को बेसहारा छोड़ दिया गया है। इसलिये जमीअत ने दलित नेताओं से संपर्क स्थापित करके उनसे साथ आने की अपील की है और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने की घोषणा की है। हरियाणा में''जंगल राज'' है और वहां 40 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति को नष्ट कर दिया गया यह केवल भाजपा सरकार की नाकामी है ? अगर यही सब मुसलमानों या दलितों ने किया होता तो भी क्या हरियाणा सरकार और पुलिस का यही रवैया होता अफसोस कि खुद को ''प्रधान सेवक'' कहने वाले मोदी जी मूकदर्शक हैं

जमीअत उलमा–ए–हिंद देश की इन परिस्थितियों पर बहुत चिंतित है और उसकी एकता, अखंडता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता, संविधान, सभ्यता और संस्कृति के संरक्षण के लिए अपनी हर संभव सेवाएं प्रदान करने को तैयार है।

TOP BUREAU

मराठवाड़ा में किसान ने की आत्महत्या, परिजनों का आरोप – सरकार हमें मार रही है

मुंबईः यह आत्महत्या नहीं हत्या है। मराठवाड़ा के सूखाग्रस्त इलाके में एक किसान की मौत पर उसके परिजनों का यह आरोप है। बारिश की बूंदें बरसी नहीं है, जलाशयों में 6 फीसदी से भी कम पानी बचा है, ऐसे में मॉनसून का इंतजार किसानों पर बहुत भारी पड़ रहा है।

महाराष्ट्र में लातूर के उजनी गांव में 45 साल के संजय जाधव ने खुदकुशी कर ली। उनके साले अण्णासाहिब पाटिल का सीधे–सीधे आरोप है हम पूरे देश का पेट भरते हैं और हम खुद भूखे हैं। पूरा देश खाना खा रहा है और यहां हम मर रहे हैं, लेकिन यह मौत नहीं है, सरकार हमें मार रही है। हम मर नहीं रहे हैं, सरकार हमारी हत्या कर रही है।

मंत्रियों के दौरे से पहले हुई घटना

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस सहित 28 कैबिनेट मंत्रियों के मराठवाड़ा दौरे से ठीक पहले संजय जाधव ने जहर पीकर जान दे दी। लगातार पड़ रहे सूखे और 3 लाख के कर्ज ने संजय को लगभग खत्म कर दिया, ऊपर से पिता के कैंसर के इलाज के लिए एक लाख रुपये का कर्ज। पिता को कैंसर ने मार डाला, बेटे को कर्ज ने।

मराठवाड़ा के जलाशयों में सिर्फ 6 फीसदी पानी

ज्यादातर इलाकों में खुदकुशी की बड़ी वजह है सूखा। मराठवाड़ा के जलाशयों से 6 फीसदी से भी कम पानी बचा है। सन 2015 में इन्हीं जलाशयों में 18 फीसदी से ज्यादा पानी था। मराठवाड़ा के मांजरा डैम से बीड़, उस्मानाबाद और लातूर को पानी सप्लाई होता था लेकिन अब यह लगभग खाली हैं। यहां रहने वाले किसान प्रकाश तेले का कहना है यहां पानी भरा रहता था, लेकिन पिछले दो सालों से पानी नहीं भरा। अब कुछ नहीं बचा है। किसानों के साथ खतरे में उनके मवेशी भी हैं। मदद के लिए सरकार अब जमीन पर उतरी है, लेकिन शायद बहुत देर से।

NOTICE:
Times of Pedia does not guarantee, directly or indirectly, the quality or efficacy of any product or services described in the advertisements or other material which is commercial in nature in this Newspaper. Furthermore, Times of Pedia assumes no responsibility for the consequences attributable to in accuracies or errors in the printing of any published material from the news agencies or articles contributed by readers. It is not necessary to agree with the views published in this Newspaper. All disputes to be settled in Delhi Courts only.

ट्रेनों में महिला यात्री अब फोन कर बदलवा सकेंगी अपनी सीट

मदुरैः ट्रेनों में अकेले सफर करने और सीट बदलने की इच्छा रखने वाली महिला यात्री अब एक वरिष्ठ महिला रेल अधिकारी की मदद से ऐसी सेवाओं का लाभ ले सकेंगी। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि कई महिलाओं से ऐसा अनुरोध मिलने के बाद कि वह पुरुष यात्रियों के बीच आवंटित की जाने वाली सीट पर असुरक्षित या असहज महसूस करती हैं। सहायक वाणिज्य प्रबंधक रैंक के अधिकारी उन्हें सहायता प्रदान करेंगे और आवश्यक कदम उठाएंगे। वे 9003160980 नंबर पर उनसे संपर्क कर सकती हैं।

महिलाओं को यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि शिकायत असली है और परिस्थिति वास्तव में खराब है। उन्हें अपना नाम और मोबाइल नंबर बताना होगा। विज्ञप्ति में बताया गया है कि इन सुविधाओं के अलावा महिलाएं बचाव एवं सुरक्षा के लिए 24 घंटे काम करने वाली विशेष सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 182 पर संपर्क कर सकेंगी।

इशरत मुठभेड़ में मोदी-शाह से होगी पूछताछ

अहमदाबादः मुंबई की कॉलेज छात्रा इशरत जहां और उसके तीन साथियों के फर्जी मुठभेड़ मामले में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र और गृह राज्यमंत्री अमित शाह संदेह के घेरे में हैं। हम अन्याय के खिलाफ हैं और अन्याय की आवाज हम उठाते रहेंगे। जुर्म और जालिम ज्यादा दिन तक नहीं रहेगा।

सीबीआइ मुठभेड़ के आरोप में गिरफ्तार आइपीएस जीएल सिंघल के खिलाफ 90 दिन बाद भी आरोपपत्र दाखिल करने में नाकाम रही थी। अंदेशा है कि सीबीआइ सिंघल को सरकारी गवाह बनाकर मोदी और शाह तक पहुंचना चाहती है। जांच एजेंसी दोनों नेताओं को समन जारी कर पूछताछ की तैयारी कर रही है।

कोर्ट के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल ख्एसआइटी, ने इशरत जहां और उसके तीन साथी जावेद शेख, अमजद अली व जिशान जौहर को मुठभेड़ में मार गिराने की जांच की थी। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि गुजरात पुलिस ने इशरत व उसके साथियों को फर्जी मुठभेड़ में मारा था। इस मामले में भी पूर्व आइपीएस डीजी वणजारा की अहम भूमिका बताई गई है, जो करीब पांच साल से सोहराबुद्दीन फर्जी मुठभेड़ मामले में मुंबई जेल में बंद हैं। फरवरी 2013 को सीबीआइ ने इशरत मामले में आइपीएस जीएल सिंघल की धरपकड़ की थी। इससे पहले पुलिस उपाधीक्षक व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट तरुण बारोट, जेजी परमार, भरत पटेल को भी गिरफ्तार किया गया था। गौरतलब है कि सीबीआइ के संयुक्त निदेशक वीवी लक्ष्मी मार्च 2013 में गुजरात आए थे। साबरमती जेल में उन्होंने आइपीएस सिंघल से भी लंबी चर्चा की थी, जिसके चलते सिंघल व सीबीआइ के बीच कुछ आपसी समझौते की भी आशंका जताई जा रही है।

जीएल सिंघल ने शुक्रवार को सीबीआइ की विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दाखिल की है, जिस पर सोमवार को फैसला होना है। सिंघल ने दलील दी है कि 90 दिन बाद भी सीबीआइ उनके खिलाफ आरोपपत्र पेश नहीं कर पाई है।

चर्चा है कि सीबीआइ सिंघल को सरकारी गवाह बनाकर इशरत मुठभेड़ मामले से राजनीतिक तार जोड़ने का प्रयास कर रही है। सिंघल व उनके साथियों के जमानत पर बाहर आने के बाद फिर उनकी गिरफ्तारी की आंशका कम होगी।

—एजेंसी

Tahir ul Qadri protected by Blackwaters

Reports published in Urdu press in Pakistan have confirmed that Tahir ul Qadri is a CIA agent whose protection and security on his trip to India is with Blackwaters, a notorious Anti-Muslim security agency formed by ex-US army personnel and CIA agents. The havoc of major bomb blasts in Iraq, Afghanistan and Pakistan killing hundreds of thousands of people in last two decades have all been carried out by this ruthless terror security agency as has been reported in global media regularly.

Tahir ul Qadri resides in Canada but is a citizen of Pakistan with billions of dollars working to divide Sunni Muslims with Zionist funding and support.

Why the most expensive Anti-Muslim security agency was protecting Tahir-ul-Qadri when asked to explain the Minhaaj ul Quraan office refused. On the other hand advertisements have been placed by Hyderabad Minhaaj ul quran in MIM official organ Urdu Daily Etemaad, thanking Assaduddin Owaisi and others for supporting Tahir ul Qadri in his India visit.

CROSSINGS Republik™

READY 2 MOVE IN FLATS

in

CROSSINGS REPUBLIC-NH24

India's First Global city

- 9 KM from Noida City Centre,
- 15 km from Kalindikunj
- 12 km Anand Vihar
- Just Adjacent to Noida Extension
- Approx 200 families already shifted
- Club/Swimming pool
- Power backup/market complex
- Huge jogging track
- Magnificent golf course in order
- 80% open area
- A Unique complex in whole of NCR

SIZE : 2 bed room 1270 sq ft. • 3 bed room 1725 ft.
nicely built-up flats vitrified tiles, wooden flooring in master bedroom, complete tiling and sanitary fittings in bathrooms, kitchen, large dinning/drawings/4 balconies
PRICE: 2 bed room 28-lacs onwards • 3 bed room 38 lacs onwards
all inclusive (Covered car parking, club membership, power back up 1 KV, EDC/FFC/IFMC etc.)

Contact:

CITY ESTATE

A real estate service provider and Marketing Channel Partner of many reputed builders in NCR

Branch Offices: • 301, JOP Plaza, Sector 18, Noida • Shop No 22, Gallaria Complex, Crossings Republic.
Email: city_realestate@yahoo.co.in

मानव भविष्य बचाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए अपने आसपास पेड़ लगाएं और गंदगी न होने दें।



राम मंदिर के बाद राष्ट्र मंदिर की राजनीति

उत्तर प्रदेश में चले राम मंदिर आंदोलन ने उत्तर प्रदेश को कम से कम 20 साल पीछे धकेल दिया। न राम मंदिर बन पाया और न उत्तर प्रदेश। बीजेपी दोनों को छोड़कर आगे बढ़ गई।

उस राम मंदिर आंदोलन के अलग–अलग सिरों को याद करें तो पाएंगे तो देश के सामने खड़े कई संकटों के बीज वहीं थे। इसी आंदोलन की वजह से 1992 की बाबरी मस्जिद टूटी, मुंबई में दंगे हुए और 1993 में इस शहर ने आतंकी धमाके देखे। इसी आंदोलन के क्रम में 2002 में अयोध्या से चली कारसेवकों की बोगी गोधरा में जली, गुजरात में दंगे हुए और उसके बाद माहौल में एक जहर घुल गया। इनके सामाजिक–आर्थिक नुकसानों की वास्तविक ऑडिटिंग होनी बाकी है। इसकी वजह से कितने छोटे–बड़े कारोबार प्रभावित हुए, कितने लोगों ने भारत में निवेश का इरादा छोड़ा– इन सबका हिसाब शायद कभी नहीं लगाया जा सकेगा। लेकिन अब वह सब पीछे छोड़कर बीजेपी आगे बढ़ चुकी है। उसे लग रहा है कि राम मंदिर का मुद्दा अब और नहीं चलेगा। अब वह एक नया मंदिर बनाने की कोशिश में है– यह है राष्ट्र–मंदिर। कौन नहीं चाहेगा कि ऐसा राष्ट्र मंदिर बने और उसमें भारत माता की प्रतिमा स्थापित हो।

अपनी बहुत सारी गड़बड़ियों के बावजूद राष्ट्र अब तक हमारे भीतर एक स्पंदन पैदा करता है– एक गरिमा का भाव। लेकिन वह भारत माता कौन सी है जिसे हम पूजें?यह सवाल आजादी की लड़ाई के दौर में नेहरू ने भारत माता की जय का नारा लगाने वालों से पूछा था। बाद में सुमित्रानंदन पंत ने कविता लिखी, 'भारत माता ग्राम वासिनी, खेतों में फैला है श्यामल, धूल भरा मैला सा आंचल, गंगा–जमुना में आंसू जल, मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी।श इसी कविता का 'मैला आंचल' रेणु के यहां उपन्यास में बदल गया। दरअसल यह सब देश को समझने–पहचानने की कोशिश थी– वह कविता, वह गद्य लिखने की कोशिश जिसका नाम भारत है। दिनकर ने इसी देश के लिए लिखा था कि 'भारत नहीं स्थान का वाचक, गुण विशेष नर का है।

लेकिन यह कविता किसी मुग्ध भाव से नहीं लिखी जा रही थी, इस गद्य के पीछे कोई उन्माद नहीं था। इसी दौर में अपने नाटक 'चंद्रगुप्त' में प्रसाद मगध के विलासी शासकों से कुपित चाणक्य के मुंह से कहला रहे थे, 'क्या राष्ट्र की शीतल छाया का संगठन मनुष्य ने इसीलिए किया था?मगध–मगध, सावधान! इतना अत्याचार सहना असंभव है। तुझे उलट दूंगा। नया बनाऊंगा, नहीं तो नाश ही कर दूंगा।श कहने की जरूरत नहीं कि मगध के इस रूपक का इस्तेमाल करते हुए प्रसाद को राष्ट्रवाद के उन्मादी खतरों का एहसास था। इसी दौर में संभव था कि एक शायर सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा लिख सकता था और दूसरा पूछ सकता था कि जिन्हें नाज है हिंद पर वो कहां हैं।

भारत की कविता कहीं पीछे छूट गई है, भारत को समझ सकने वाला गद्य कहीं खो गया है। यह समझ भी बेमानी होती चली जा रही है कि राष्ट्रों की कोई जड़ मूर्ति नहीं हो सकती, वे हमेशा हिलते–डुलते, स्पंदित होते, और वक्त के हिसाब से बदलते संगठन ही होते हैं। इन सबकी जगह बस भारत माता की जय के नारे ने ले ली है। यह सबसे आसान है।

भारत माता की जय का नारा लगाया और देशभक्त हो गए। इतना नारा भर लगा लेने से आपको कानून तोड़ने का, दंगे करने का, भ्रष्टाचार करने का, महिलाओं से बलात्कार करने का लाइसेंस मिल जाता है।

इन दिनों ऐसी ही देशभक्ति उफान पर है– एक बहुत आसान किस्म की देशभक्ति, जिसके लिए न कोई त्याग करना पड़ता है, न किसी मर्यादा का पालन करना पड़ता है। बस उन लोगों को डराना–धमकाना और कभी–कभार पीटना होता है जो देश की इस अवधारणा को स्वीकार नहीं करते और मानते हैं कि देश की सेहत के लिए देश पर भी बहस जरूरी है।

भारतीय जनता पार्टी ऐसी ही देशभक्ति के सहारे अब राष्ट्र मंदिर की राजनीति करने चली है। हैदराबाद के रोहित वेमुला, और जेएनयू के उमर खालिद और कन्हैया मिलकर उसके लिए प्रतिरोध की जो चट्टान बना रहे हैं, उसका सामना वह उन्माद की नदी बहाकर ही कर सकती है। इसलिए वह जेएनयू में कुछ शरारती तत्वों द्वारा लगाए गए चंद नारों को देश के लिए खतरनाक बता रही है। वह पूरे देश में ऐसा माहौल बनाने में लगी है जैसे जेएनयू किन्हीं बाहरी खुफिया और दहशतगर्द एजेंसियों और संगठनों का ठिकाना हो जहां सिर्फ अय्याशी और देशद्रोह के नारे चलते हैं और जो लोग इसके समर्थन में खड़े हैं, वे भी गद्दार हैं। जबकि जेएनयू क्या है, वह अपने छात्रों को कैसी शिक्षा देता है और इस देश को कितने सारे जेएनयू चाहिए– यह बताने के लिए सिर्फ कन्हैया के बीते दिनों दिए गए भाषण ही पर्याप्त हैं।

मामला जेएनयू के विरोध का नहीं है। बीजेपी और संघ परिवार को सिर्फ जेएनयू नहीं, कोई ऐसा संस्थान नहीं चाहिए जहां विवेक और वैज्ञानिक तर्क की बात होती है– जहां इतिहास, समाज–विज्ञान या अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नए शोध होते हों जो आधी–अधूरी धारणाओं को चुनौती देते और उन्हें ध्वस्त करते हों। उन्हें बस ऐसे करिअर बनाऊ इंस्टीट्यूट चाहिए जहां बच्चे दो साल पढ़ाई करें और फिर किसी नौकरी में लग जाएं– वे रुपये कमाने की जगह डॉलर को तरजीह दें और दिल्ली की जगह न्यूयॉर्क में भी रहना चाहें तो कोई यह नहीं पूछने वाला है कि उन पर हुई पढ़ाई की लागत किसके काम आ रही है। जो इससे इतर, छात्रों को कुछ सोचने–समझने का, लोकतंत्र, न्याय और बराबरी पर बहस करने का सबक सिखाते हैं, वे मंजूर नहीं किए जा सकते। तो यह सिर्फ जेएनयू में नहीं हो रहा, यह संस्थानों की सामूहिक हत्या का काम है जो लगातार चल रहा है।

क्योंकि बीजेपी अब राजनीति का नया एजेंडा बनाने की कोशिश में है। भव्य राम मंदिर के बाद वह राष्ट्र मंदिर का सपना बेच रही है। लेकिन जैसे राम मंदिर नहीं बना, वैसे ही राष्ट्र मंदिर भी नहीं बन पाएगा, क्योंकि वह इस देश की मूल आत्मा के खलिफा है। मगर इस कोशिश में जैसे यूपी पीछे छूटा, इस बार भारत पीछे छूट जाएगा। क्योंकि यह थोपी हुई देशभक्ति– 270 फुट के तिरंगों के सहारे रोपा जाने वाला राष्ट्रवाद सिर्फ भय, संशय और टूटन पैदा करेंगे, गरिमा और गौरव का वह भाव नहीं, जुड़ाव और आत्मीयता का वह देशज ठाट नहीं, जिसके बीच कोई कन्हैया जेएनयू के छात्रों, खेतों के किसानों और सीमा के जवानों को एक साथ जोड़ सकता है। एक विराट, भरे–पूरे, विविधतापूर्ण, बहुलतावादी, गंगा–जमनी भारत को खत्म करके ही ऐसा राष्ट्र मंदिर बनाया जा सकता है– जो सच्चे भारतीयों को किसी हाल में मंजूर नहीं होगा।

(प्रियदर्शन एनडीटीवी इंडिया में सीनियर एडिटर हैं)

डिस्क्लेमर (अस्वीकरण): इस आलेख में व्यक्त किए गए विचार लेखक के निजी विचार हैं। इस आलेख में दी गई किसी भी सूचना की सटीकता, संपूर्णता, व्यावहारिकता अथवा सच्चाई के प्रति टाइम्स ऑफ पीडिया उत्तरदायी नहीं है। इस आलेख में सभी सूचनाएं ज्यों की त्यों प्रस्तुत की गई हैं। इस आलेख में दी गई कोई भी सूचना अथवा तथ्य अथवा व्यक्त किए गए विचार टाइम्स ऑफ पीडिया के नहीं हैं, तथा टाइम्स ऑफ पीडिया उनके लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं है।

उत्तर प्रदेश का मिशन 2017 तैयारी में कहां है बीजेपी...?

नए वर्ष का एक और महीना बीत जाने के साथ उत्तर प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव और पास आ गए हैं। प्रदेश में जहां तीन प्रमुख राजनीतिक दल प्रचार–प्रसार, ब्रांडिंग स्ट्रेटेजी और आक्रामकता के दम पर अपना घर मजबूत कर रहे हैं, वहीं चौथा प्रमुख दल एक के बाद एक हार का सामना करते हुए दिशा की तलाश करता दिख रहा है। सच तो यह है कि 2017 का विधानसभा चुनाव उत्तर प्रदेश में चार प्रमुख राजनीतिक दलों के लिए हार–जीत से कहीं ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो गया है।

पहले कांग्रेस को लें। उत्तर प्रदेश के कांग्रेस के नेता आजकल अति–उत्साहित हैं। देश में और लोकसभा में तमाम मुद्दों पर उनके नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीधे–सीधे चुनौती दे रहे हैं, एक नए किस्म की आक्रामकता दिखाकर राहुल यह स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि अगर देश के किसी और राजनीतिक दल के नेता में मोदी को सीधे टक्कर देने की क्षमता है, तो वह सिर्फ उनमें है। जाहिर है कि लम्बे समय से निष्क्रिय पड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं और प्रादेशिक नेताओं के लिए यह किसी संजीवनी से कम नहीं है।

गत 2 मार्च को दिल्ली में हुई एक बहुचर्चित बैठक में उत्तर प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा कांग्रेस नेताओं को बुलाया गया था और उनसे पूछा गया कि प्रदेश में कांग्रेस को फिर प्रासंगिक बनाने के लिए उनके क्या विचार हैं। खास बात यह थी कि उनके विचार सुनने के लिए शीर्ष नेताओं के अलावा हाल ही में सुर्खियों में छाए प्रशांत किशोर भी शामिल थे। किशोर को कांग्रेस पार्टी ने पंजाब और उत्तर प्रदेश में पार्टी की चुनावी नैया पार लगाने के लिए साथ में लिया है। चूंकि किशोर इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और मोदी के लिए जीत की प्लानिंग के लिए जिम्मेदार माने जाते थे, इसलिए पिछले वर्ष हुए बिहार विधानसभा चुनाव में जनता दल (यूनाइटेड) ने उन्हें नीतीश कुमार के लिए वैसी ही प्लानिंग करने के लिए अपने साथ जोड़ा था। इस प्रयोग के भी सफल हो जाने के बाद अब किशोर देश में नंबर वन राजनीतिक रणनीतिकार के रूप में जाने जाते हैं।

उत्तर प्रदेश के तमाम नेता अब यह मान के चल रहे हैं कि किशोर कुछ ऐसी योजना बनाएंगे कि न केवल राहुल राष्ट्रीय स्तर पर अपना सिक्का जमाएंगे, बल्कि प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को जीत का रास्ता दिखाएंगे। प्रियंका गांधी के लिए कोई बड़ी भूमिका की खबरें आने के बाद तो प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और अन्य तमाम नेता भी निश्चिन्त हो चले हैं कि अगले चुनाव में कांग्रेस के अच्छे दिन आने ही वाले हैं।

सत्तारूढ़ समाजवादी पार्टी के लिए 2017 की हार मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के राजनीतिक करियर पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा सकती है। फिलहाल तो प्रदेश सरकार विज्ञापन और घोषणाओं के दम पर अपनी पहचान मजबूत करने में लगी हुई है। सत्ता में होने का जो भी लाभ उठाया जा सकता है, वह उठाया जा रहा है।

मुख्य विपक्षी बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती के पास यह अंतिम मौका होगा कि वह प्रदेश और देश की राजनीति में खुद को फिर स्थापित कर सकें। पिछले लोकसभा चुनाव में एक भी सीट न जीत पाने का मलाल मायावती को किस कदर है, इसका अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अब अपने परंपरागत प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के बारे में कुछ भी टिप्पणी करना लगभग बंद कर दिया है और उनके सारे बयान सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी, विशेष तौर पर नरेंद्र मोदी के खिलाफ ही होते हैं। अपने दलित समर्थकों के छिटककर भारतीय जनता पार्टी की ओर जाने से रोकने के लिए उन्हें मोदी और बीजेपी को दलित–विरोधी सिद्ध करना अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए जितना जरूरी आज है, उतना शायद कभी न था।

लेकिन इन सबके बावजूद बीजेपी में वर्तमान दिशाहीनता का दौर समाप्त होता ही नहीं दिख रहा है। वर्ष 2012 से अब तक हुए सारे उपचुनाव हारने के बाद पार्टी को केवल एक जीत मुजफ्फरनगर में मिली, और अभी समाप्त हुए विधानपरिषद के चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली। पार्टी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी और शीर्ष नेताओं के बड़े–बड़े दावों के बावजूद एक भी जीत न हासिल करना पार्टी में गहरी बीमारी की ओर संकेत करता है। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष स्वयं नहीं जानते कि उन्हें कितने दिन और कार्यवाहक के रूप में काम करना है, अन्य पदाधिकारी इस असमंजस में हैं कि नए अध्यक्ष आने के बाद उनका क्या होगा, वरिष्ठ नेता इस बात से ही परेशान हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह उन्हें पहचानते भी हैं कि नहीं।

पार्टी के कुछ पदाधिकारी नाम न बताने के आग्रह के साथ कहते हैं कि पिछले साल प्रदेश से एक सदस्य राज्यसभा जा सकता था, लेकिन उस सीट पर गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को संसद भेजा गया, और उसके बाद से ही प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं में अपने उपेक्षित होने की भावना घर कर गई है। प्रदेश के नेता यह मानकर चलने लगे हैं कि लोकसभा में 73 सदस्य उत्तर प्रदेश से होने के बावजूद यदि प्रदेश में पार्टी के लिए कुछ निर्णय लिया जाना है तो वह केंद्रीय स्तर पर ही लिया जाएगा। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का नाम उत्तर प्रदेश में किसी प्रमुख भूमिका के लिए उछलने के बाद भी इस भावना को ही बढ़ावा मिला था। ऐसे में प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिशन 2017 के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं।

रतन मणिलाल वरिष्ठ पत्रकार हैं...

डिस्क्लेमर (अस्वीकरण): इस आलेख में व्यक्त किए गए विचार लेखक के निजी विचार हैं। इस आलेख में दी गई किसी भी सूचना की सटीकता, संपूर्णता, व्यावहारिकता अथवा सच्चाई के प्रति टाइम्स ऑफ पीडिया उत्तरदायी नहीं है। आलेख ज्यों का त्यों प्रस्तुत किया गया हैं। इस आलेख में दी गई कोई भी सूचना अथवा तथ्य अथवा व्यक्त किए गए विचार टाइम्स ऑफ पीडिया के नहीं हैं, तथा टाइम्स ऑफ पीडिया उनके लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं है।

इस क्रांतिकारी की सजग सरलता का मुरीद होने लगा देश

वह देशभक्ति का झरना–सा बहाता चला गया। कन्हैया कुमार का 50 मिनट का तार्किक भाषण सुनते हुए उन लोगों को भी पता चल रहा होगा, जिन्हें यह समझ में नहीं आ रहा था कि अपने एक छात्र की नैतिक सुरक्षा में जेएनयू के प्रोफेसर सड़क पर क्यों निकल आए थे। अंदाजा है कि गुरुवार की रात जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद कन्हैया को सुनकर विश्व के तमाम विश्वविद्यालयों के परिसरों में छात्र अभिभूत हो गए होंगे। कन्हैया के भाषण की दूसरी भाषाओं में डबिंग शुरू हो गई होगी। याद नहीं पड़ता कि तार्किकता का ऐसा प्रभुत्व कायम होते कब दिखा था।

देश में कहने–बोलने में बढ़ते भय के बीच जेएनयू मामले के इतना बढ़ जाने के कई कारण हो सकते हैं। आगे–पीछे सारी बातें पता चलेंगी, लेकिन इस मामले ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लोकतंत्र, सांप्रदायिकता और ऐसे दूसरे मुद्दों पर सोच–विचार के लिए एक बड़ा मौका पैदा कर दिया। जेएनयू में कन्हैया के भावपूर्ण नेतृत्व में घंटे भर के इस अपूर्व आयोजन में वाद्ययंत्रों की जरूरत नहीं पड़ी। आयोजन के फौरन बाद सोशल मीडिया पर कन्हैया का क्रांतिगीत ट्रेंड होने लगा। अब जल्द ही पलटकर इस बात भर भी ध्यान जाएगा कि जेएनयू का मामले का आगा–पीछा है क्या...?वक्त जितना भी लगे।

फिलहाल हमारे पास ऐसा इंतजाम नहीं है कि जेएनयू प्रकरण पर निर्विवाद राय दे सकें, क्योंकि माहौल ऐसा बना दिया गया है कि हर मशविरे को मामले के किसी पक्षकार की वकालत माना जाने लगा है। इसके साथ ही कन्हैया प्रकरण के जरिये कुछ दिनों के लिए तार्किकों के खिलाफ ऐसा माहौल बना दिया गया था कि उनके बोलते ही वे अविश्वसनीय लगने लगें। फिर भी अकादमिक स्तर पर कुछ जटिल बातों पर चर्चाएं शुरू होना स्वाभाविक है।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खासियत की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। एक पहचान समानता के रूप में हुई थी, लेकिन आग्रही और जिद्दी वर्ग ने हमेशा ऐसा माहौल बनाए रखा कि हम कभी भी इस बात का आम राय से ऐलान कर नहीं पाए। जरूरत पड़ने पर कभी–कभी सैद्धांतिक रूप से इसे मान लेते हैं, लेकिन व्यवहार में समानता का प्रभुत्व दिखाई नहीं देता। श्हमश की भावना वाले समाज के रूप में भी लोकतंत्र को परिभाषित नहीं होने दिया जाता। कुछ लोग धर्म, कुछ लोग जाति और कुछ भौगोलिक क्षेत्र की अपनी–अपनी अस्मिता का फच्चर फंसा देते हैं। यानी श्हमश वाले भाव के सामने मैं वाले भाव को लाकर खड़ा कर देते हैं।

ऐसा नहीं है कि यह तय न हो सके कि क्या सही है और क्या गलत, लेकिन इसके लिए सोच–विचार और वाद–विवाद की जरूरत पड़ती है। यहीं पर वह स्थिति आ सकती है कि अस्मितावादी कहें कि अस्मिता के मामले में तो कोई बात सुनने का सवाल ही नहीं। बहुत संभव है, इसीलिए होता हो कि सही–गलत का फैसला करने के वाद–विवाद पर पाबंदी लगने या लगाने की सूरत बनती हो।

गांधी, नेहरू, इंदिरा, राजीव, अटल, मनमोहन और मोदी के अपने–अपने दौरों में लोकतंत्र के विकास–अविकास के मामले में क्या हुआ, इसका कोई निर्विवाद लेखा–जोखा बन नहीं पाया है। आजाद भारत के शुरुआती दशकों में जब अभिव्यक्ति की चरम–परम स्वतंत्रता का दौर था, तब भी आजादी के बारे में या समानता के बारे में और उसे हासिल करने के बारे में हानिरहित उपायों को ढूंढते ही रहे। इसी तलाश में वाद–विवाद और संवाद होते हैं। वाद–विवाद की पहली जरूरत अभिव्यक्ति की आजादी होती है।

यहां यही विषय है। जाहिर है, इस बारे में कुछ भी सोचने की प्रक्रिया में बाधा के रूप में बौद्धिक अधिनायकवाद या बौद्धिक आतंकवाद का विषय डाला ही जाएगा। डाला क्या जाएगा, लगभग डाल दिया गया है। बुद्धिजीवी वर्ग के सामने यह बिल्कुल नई चुनौती है। खासतौर पर तर्कशास्त्रियों पर यह जिम्मेदारी आन पड़ी है कि बहुत कम समय लगा साफ करें कि बौद्धिकता या बौद्धिक कर्म या विचार–विमर्श किसी भी रूप में आतंकवाद हो भी सकता है या नहीं।

पूरे देश में 10वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में नैतिकता की परिभाषा पढ़ाई जाती है। इसमें बताया जाता है कि सही और गलत का फर्क समझना ही नैतिकता का काम है। इस पाठ्यक्रम में बच्चों पर ज्यादा बोझ नहीं डाला जाता। उन्हें नागरिक शास्त्र, समाजशास्त्र के सरल– सरल– से सिद्धांत बता दिए जाते हैं, ताकि वे आगे के जीवन में सही– गलत के फर्क को समझने लायक हो जाएं। तर्कशक्ति बढ़ाने के लिए इन बच्चों में निबंध लिखने की क्षमता बढ़ाने की कवायद की जाती है। निबंध लिखने के लिए उसे निर्बंध कर दिया जाता है। उसे बने–बनाए उपदेश नहीं दिए जाते कि इस विषय पर निबंध के लिए यही विचार लिखना है। हां, समाज विज्ञानों की पढ़ाई के बाद इम्तिहान में विद्वानों द्वारा सत्यापित विचार ही लिखने होते हैं, जो बहुत सोच–विचार के बाद, यानी वाद–विवाद के बाद ही बने होते हैं। यानी, हर स्तर पर सही–गलत के फैसले विचार–विमर्श से ही होते हैं।

दुनियाभर की सभी राजनीतिक व्यवस्थाओं के न्यायतंत्र में आज तक भी सुनवाई या बहस का चलन है। एक से एक खूंखार राज व्यवस्था में भी सजा देने से पहले आरोपी को तफसील से सुनने की रस्म जरूर निभाई जाती है, लेकिन अगर सही और गलत के बीच फैसले की प्रक्रिया में प्रतिवादी को सुनवाई से पहले ही मारने या सजा देने की तरफदारी की जाने लगे तो क्या भारी चिंता की बात नहीं है।

यह बात पहले से सनद है और काम आने लिए यह सही वक्त है कि ब्रिटिश शासन के दौरान रॉलेट एक्ट का आना, यानी अपील, वकील और दलील पर पाबंदी लगाया जाना सबसे सनसनीखेज पर्व था। पूरे आंदोलन के सफल होने का यह बड़ा कारण बना था। आजादी के बाद तो हमने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को धर्म मानकर उसे सबसे ऊपर बनाए रखा। उसे इतना महत्व दिया कि किसी आपातस्थिति में उस पर अस्थायी पाबंदी के लिए संविधान में प्रबंध तक किया, ताकि स्वतंत्रता और स्वच्छंदता में भेद की गुंजाइश बनी रहे।

